परिशिष्ट 01

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रं. 1102 के प्रश्नांश "क" की जानकारी

बैठक का दिनांक - 12-03-2018 - सदस्य श्री मधु भगत

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हजरत निजामउद्दीन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल

कमांक/क्यु/2018/ भोपाल दि. 24.02.2018

प्रति,

उप आयुक्त,
सहकारिता जिला भोपाल।

विषयः— हजरत निजामउद्दीन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या.,भोपाल के निर्वाचन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्

संदर्भः— आपका पत्र क./निर्वा./2017/3155, दि. 28.09.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा प्रेषित शिकायत के संबंध में बिन्दुबार वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत है:—

276
26.2.18

01. म0प्र0 राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क/सह.नि.प्रा./निर्वा–3/9436, दि. 29.08.2017 द्वारा मुझे हजरत निजामउद्दीन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिसके पालन में निर्धारित कार्यकमानुसार दि. 05.09.2017 को संस्था की प्रथम सदस्यता सूची का प्रकाशन कर दि. 05.09.2017 से दि. 112.09.2017 तक आपत्तियां प्राप्त की गई, जिसका निराकरण दि. 13.09.2017 को कार्यकम अनुसार किया जाना नियत था।

निर्वाचन
26/2/18

02. उक्त कार्यकम अनुसार निर्धारित समय–सीमा में कुल 34 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों को निराकरण दि. 13.09.2017 को दोपहर 12.00 बजे किया जाना था परंतु संस्था के सचिव श्री मकबूल अहमद द्वारा अपने पत्र दि. 13.09.2017 द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था का समस्त मूल रिकार्ड संस्था अध्यक्ष के पास रखा हुआ है। वर्तमान में संस्था का अध्यक्ष गंभीर बीमारी के कारण बंसल हास्पिटल में आई.सी.यू. में भर्ती होने के कारण आपत्तियों के निराकरण हेतु संस्था का मूल रिकार्ड प्रस्तुत नही किया जा सकता है।

03. अतः उपरोक्त स्थिति के आधार पर दि. 13.09.2017 की आपत्यिों का निराकरण रिकार्ड प्राप्त नही होने से एवं संस्था अध्यक्ष हास्पिटल मे भर्ती होने के कारण आपत्तियों का निराकरण प्राप्त नही हो सका जिसके कारण ही आपत्तियों का निराकरण की कार्यवाही पूर्ण नही होने संबंधी वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन दि. 13.09.2017 को ही सचिव म0प्र0 राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल एवं उपायुक्त सहकारिता जिला भोपाल को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था एवं कार्यालय स्तर से संस्था के उपाध्यक्ष को रिकार्ड प्राप्त होने की स्थिति में पुनः निर्वाचन कराने की अनुशंसा की जाकर म0प्र0 राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था।

04. उक्तानुसार प्रस्तुत जानकारी एवं कार्यालय की अनुशंसा संबंधी पत्र के आधार पर म0प्र0 राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश क्र./सह.नि.प्रा./निर्वा–3/12475, दि. 02.11.2017 द्वारा पुनः संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया जिसके पालन में मेरे द्वारा दि. 13.09.2017 को प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की कार्यवाही जो स्थगित की गई थी को पुनः कार्यक्रम अनुसार समस्त आपत्तियों का निराकरण दि. 10.11.2017 को संस्था में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर किया जाकर दि. 11.11.2017 को अंतिम सदस्यता सूची का प्रकाशन किया गया एवं निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश एवं कार्यक्रम अनुसार ही संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन की कार्यवाही पुर्ण कर निर्वाचन संपन्न किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

24/1/2018

(पी.एल.चिल्लै)
वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक
कार्यालय उपायुक्त सहकारिता
जिला भोपाल

अनुभाग अधिकारी
म० प्र० शासन
सहकारिता विभाग

संयुक्त आयुक्त
सहकारिता, म.प्र.भोपाल